संख्या-1111/1-10-2014-12(67)/13टी0सी0-3

प्रेषक,

लीना जौहरी,
सचिव एवं राहत आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सिद्धार्थनगर ।

राजस्व अनुभाग-10 लखनऊ: दिनांक: 16 फरवरी, 2015

विषय: वर्ष 2013-14 में बाढ़/अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की पुनर्स्थापना हेतु अवशेष धनराशि का राज्य आपदा मोचक निधि से धनावंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद सिद्धार्थनगर में वर्ष 2013-14 में आयी बाढ़/अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की मरम्मत हेतु शासनादेश संख्या-42/1-10-2014-12(67)/2013टी0सी0-1, दिनांक 30.01.2014 द्वारा जिला स्तरीय आपदा राहत समिति से अनुमोदित ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के 17 कार्यो हेतु रू0 678.72 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में रू0 339.36 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी थी। अब आपके पत्र संख्या-335/राहत लिपिक/2014-15, दिनांक 12.12.2014 द्वारा किये गये अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुये उक्त 17 कार्यों में से एक कार्य (नौगढ़ बॉसी मार्ग के मसिना नहर से सजनी चौराहे से तक पिच का मरम्मत कार्य) को छोड़ते हुये शेष 16 कार्यों के लिए अवशेष धनराशि रू0 3,24,88,000/- (रूपये तीन करोड़ चौबीस लाख अटठासी हजार मात्र) द्वितीय किश्त के रूप में निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निम्न कार्यो के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014-15 में आपके निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

| क0सं0 | कार्य का नाम | द्वितीय किश्त के रूप में आवंटित धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 |
| 1 | नौगढ़ बॉसी मार्ग के उदयपुर चौराहे से योगमाया मंदिर तक खड़ंजा एवं पुलिया का मरम्मत कार्य। | 10.32 |
| 2 | उदयपुर जोगिया चौराहे पर नाली का मरम्मत कार्य | 9.67 |
| 3 | नादेवार चौराहा से नहर होते हुए कटहना गॉव तक पिच का मरम्मत कार्य | 14.20 |
| 4 | बिजवार बढ़ई से तेतरी होते हुए पेड़रियाजोत चौराहे तक पिच एवं पुलिया का मरम्मत कार्य | 24.015 |
| 5 | भरवठिया मुस्तहकम से बिलरिया प्रधानमंत्री सड़क तक पिच एवं पुलिया का मरम्मत कार्य | 19.68 |
| 6 | भरवठिया मुस्तहकम से बिथरिया बाजार तक खड़जा व पिच का मरम्मत कार्य | 19.39 |
| 7 | भरवठिया मुस्तहकम से बुढियाटायर बिथरिया बाजार | 22.70 |

